पंजाब केसरी
29-03-2025

# एम.एस. एक्सेल में मास्टरिंग विषय पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 28 मार्च (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस विभाग ने टेक्नो क्लब के साथ मिलकर 'एम.एस. एक्सेल में मास्टरिंग' विषय पर कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को एम.एस. एक्सेल में व्यावहारिक अनुभव और महत्वपूर्ण कौशल प्रदान करना था, जो शैक्षिक और पेशेवर विकास के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। 25 विद्यार्थियों ने कार्यशाला में भाग लेकर एम.एस. एक्सेल के उन्नत फीचर्स को सीखा, जो उन्हें डेटा विश्लेषण, रिपोर्ट जनरेशन और निर्णय लेने में मदद करेंगे।

कार्यशाला का संचालन दो विषय विशेषज्ञों डॉ. सुरजीत सिंह और उपिंदर कौर ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को मूल्यवान जानकारियां और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विषय विशेषज्ञों और प्रतिभागियों को कार्यशाला के आयोजन पर बधाई दी। उन्होंने छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें व्यक्तिगत एवं पेशेवर विकास के लिए अवसरों का अन्वेषण करते रहने का आग्रह किया।